संक्षिप्त

तेजा मेला जल वाटिका का आयोजन

ब्यावर (निसं)। जिला कलेक्टर कमल राम मीणा,मेला अधिकारी आयुक्त दिव्यांश सिंह,मेला संयोजक मनोज शर्मा पूर्व सभापति द्वारा जल वाटिका का उद्घाटन किया गया। त्रीदिवसीय आजाद बालचर वाटिका का आयोजन किया जाएगा जिसका उद्घाटन सोमवार को राकेश झांकल को प्रोजेक्ट डायरेक्टर के पद पर नियुक्त किया गया। कमिश्नर विमल चौहान, रमेश पालडिया, श्याम सुंदर सोमानी, युगल किशोर गहलोत, नोरतमल श्री श्रीमाल, पुरुषोत्तम महेश्वरी, मनीष गुप्ता, बाबुदीन, सुरेश शर्मा, मुकेश शर्मा, रमेश शर्मा, ताराचंद वैष्णव , दिनेश शर्मा, रमेश आचार्य, मुकेश प्रजापति, विष्णु गोयल, संपत्ति गोयल आदि उद्घाटन समारोह में उपस्थित रहे ।

तेजाजी महाराज का विशाल मेला आज

सरवाड़(निसं)। शहर में आज मंगलवार को खिरिया गेट पर स्थित सूर्य तलाई पर तेजाजी महाराज का मेला बड़ी धूमधाम से भरा जाएगा वहीं सुबह से श्रद्धालु दूध जलेबी श्रीफल धी चढ़ाने का तांता लगा रहेगा इस दौरान करीब 11 बाद आसपास के गांवों की बिन्दौरियां आना शुरू होगी जो शाम तक लोगों का पहुंचना जारी रहेगा वहीं इस बिंन्दोरी में झंड़ा व ज्योत लेकर तेजाजी महाराज के पहुंचेंगे वहीं मेले में झूला चकरी खिलोने की दुकानें भी सजाई जाएगी वहीं मेले में नगर पालिका की तरफ से अस्थाई टेंट व साफ सफाई रोशनी का इंतजाम किया गया वहीं रात्रि को विशाल भजन संध्या का आयोजन भी किया गया जिसमें श्रोताओं ने जमकर आनंद लिया।

श्री गिरिराज धरण नगर परिक्रमा कल

रामगंजमंडी, (निसं)। हर माह की पूर्णिमा वाली एकादशी पर निकलने वाली श्री गिरिराज धरण नगर परिक्रमा 3 सितम्बर बुधवार को गोवर्धन नाथ मन्दिर बाजार नम्बर 6 से सुबह 7.30 बजे निकाली जाएगी।।पालिका नेता प्रतिपक्ष महेंद्र सामरिया ने बताया कि रामगंज मंडी में जलझूलनी एकादशी के अवसर पर आकर्षित झांकियां दूध धरा के साथ हर माह निकलती है। नगर परिक्रमा जिससे कोई श्रद्धालु मथुरा वृंदावन नहीं जा सकते वो श्रद्धालू परिक्रमा का लाभ उठा सकते है।

सीएलजी बैठक आयोजित

रामगंजमण्डी, (निसं)। उपखण्ड अधिकारी रामगंजमण्डी चारू (आईएएस) की अध्यक्षता में आगामी त्यौहारों डोल ग्यारस व अन्नत चर्तुदशी के सन्दर्भ में थाना रामगंजमण्डी, सुकेत मोड़क स्टेशन सीएलजी बैठक आयोजित कि गई। बैठक में आपसी भाईचारा, शान्ति व सौहार्द के साथ त्यौहारों को मनाने की अपील की साथ ही खैराबाद में 2 सितम्बर मंगलवार को लगने वाले तेजाजी मेला स्थल का भी मौका मुआवना कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पुलिस उपाधीक्षक घनश्याम मीणा सहित सभी थानावार थानाधिकारी व गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

फ्लैग मार्च निकाला

छबड़ा (निसं)। आगामी त्योहारों के मद्देनजर स्थानीय पुलिस द्वारा सोमवार शाम को डीएसपी विकास कुमार व सीआई राजेश खटाना के नेतृत्व में कस्बे में फ्लैग मार्च निकाला गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आगामी जलझूलनी एकदशी, अंनत चतुर्दशी व ईद मिलादुन्नबी के पर्व पर क़स्बे में शांति व सौहार्द बनाये रखने को लेकर छबडा पुलिस के जवानों ने सोमवार शाम को छबडा डीएसपी विकास कुमार व थानाधिकारी राजेश खटाना के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला।

नसीराबाद के यश बिदावत बने पहले एफआईडीई शतरंज खिलाड़ी

नसीराबाद(निसं) । नगर के युवा शतरंज खिलाड़ी यश बिदावत ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराते हुए ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। 1 सितम्बर को अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (एफआईडीई) द्वारा जारी नई सूची में उनका नाम शामिल किया गया है। इस सूची में यश ने रैपिड फॉर्मेट में 1607 तथा ब्लिट्ज फॉर्मेट में 1517 रेटिंग प्राप्त की है। इस उपलब्धि के साथ यश बिदावत नसीराबाद के पहले शतरंज खिलाड़ी बन गए हैं जिन्हें एफआईडीई रेटिंग प्राप्त हुई है। उदयपुर टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन: यश ने यह सफलता उदयपुर में आयोजित इंटरनेशनल ओपन एफआईडीई रैपिड/ब्लिट्ज रेटिंग चेस टूर्नामेंट 2025 में अपने बेहतरीन खेल के दम पर पाई। रैपिड फॉर्मेट में उन्होंने तीन रेटेड खिलाड़ियों को हराकर चार अंक अर्जित किए, जिससे उनकी रेटिंग 1607 बनी। वहीं ब्लिट्ज फॉर्मेट में 4.5 अंक हासिल कर उन्होंने 1517 रेटिंग प्राप्त की।

पहले से ही कैंडिडेट मास्टर: यश बिदावत नसीराबाद के पहले खिलाड़ी हैं जिन्हें एफआईडीई ऑनलाइन एरेना (एफओए) पर कैंडिडेट मास्टर का खिताब भी प्राप्त है। परिवार और आशीर्वाद का योगदान: अपनी इस सफलता का श्रेय यश ने अपने पिता अमित बिदावत, माता एडवोकेट गुंजन बिदावत और दिवंगत दादा प्रेमचंद बिदावत के आशीर्वाद को दिया।

क्षेत्र में खुशी की लहर: यश की उपलब्धि से नसीराबाद सहित पूरा क्षेत्र गौरवान्वित है। खेलप्रेमियों और शिक्षाविदों का कहना है कि यश ने यह साबित कर दिया है कि छोटे कस्बे की प्रतिभाएं भी अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बना सकती हैं। यश बिदावत की यह उपलब्धि नसीराबाद के खेल इतिहास में स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज हो गई है।

वर्षा के बीच प्रशासन सतर्क, जिला कलेक्टर ने जानी वस्तुस्थिति

- जिला कलेक्टर लोकबंधु ने किया विभिन्न क्षेत्रों का दौरा

अजमेर(कासं)। जिले में रात्रि से जारी वर्षा के दौर को देखते हुए जिला कलेक्टर लोकबंधु ने सोमवार प्रात: अधिकारियों के साथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया, उन्होंने कहा कि प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है तथा नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो इसके लिए समस्त तैयारी है।

जिला कलेक्टर ने कहा कि अधिकांश क्षेत्रों में स्थिति सामान्य पाई गई है। कुछ स्थानों पर जलभराव की समस्या सामने आने पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। संबंधित अधिकारियों को मड पंप लगाकर शीघ्र जल निकासी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर लोकबंधु ने चौरसियावास तालाब, बांडी नदी, सागर विहार, मेयो लिंक रोड, सेंट फ्रांसिस हॉस्पिटल मार्ग, 9 नम्बर पेट्रोल पंप सहित अन्य क्षेत्रों का दौरा किया।

उन्होंने मौके पर मौजूद नगर निगम तथा अजमेर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को आवश्यकतानुसार टीमें नियुक्त कर राहत कार्यों में तत्परता बरतने के निर्देश दिए।

गायक मुकेश का स्वराजंलि कार्यक्रम सम्पन्न

अजमेर(कासं)। अजयमेरु प्रेस क्लब में रविवार को महान पार्श्व गायक मुकेश चंद माथुर (मुकेश) के तराने गूंजे। मौका था मुकेश की याद में होने वाले सालाना कार्यक्रम 'स्वरांजलि' का। कार्यक्रम में डॉ. रमेश अग्रवाल, प्रताप सिंह सनकत, अमित टण्डन, गुरजेंद्र सिंह विर्दी, रामगोपाल सोनी, प्रदीप गुप्ता, राजकुमार पारीक , दिनेश कुमार शर्मा, गणेश चौधरी, विजय कुमार हँसराजानी, सैय्यद मोहम्मद सलीम, डॉ. विकास सक्सेना व उनकी पत्नी मनीषा सक्सेना, सुरेश चंद श्रीचंदानी, हेमंत कुमार शर्मा, फरहाद सागर, राकेश परिहार, शरद कुमार शर्मा ने मुकेश को उनके ही गीतों के माध्यम से गीतोभरी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व महानगर संघचालक सुनील दत्त जैन, गजराज सिंह राठौड़ और सोनल गांधी का माल्यार्पण कर अभिनंदन भी किया गया। तीनों ने अजयमेरु प्रेस क्लब के कार्यक्रमों सम्पन्न करने में सहयोग दिया। इसी दौरान मनजीत सिंह सलूजा और भगवान वरलानी का जन्मोत्सव भी मनाया गया। संचालन अमित टण्डन व प्रताप सिंह सनकत ने किया।

वीर तेजा मेला धूमधाम से प्रारंभ

- कलेक्टर महोदय व अतिथियों ने फीता काटकर मेले का औपचारिक उद्घाटन किया

ब्यावर (निसं)। नगर परिषद द्वारा आयोजित श्री वीर तेजा मेला - 2025 का शुभारंभ परंपरागत श्रद्धा और उल्लास के साथ हुआ।

जिला कलेक्टर एवं नगर परिषद प्रशासक कमल राम मीना, आयुक्त दिव्यांश सिंह, मेला संयोजक समिति के सदस्य, पूर्व सभापति नरेश कनोजिया, शशिबाला सोलंकी, पूर्व पार्षद गण सहित अनेक जनप्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों ने तेजा चौक स्थित श्री वीर तेजा मंदिर पहुंचकर विधि विधान से पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर कलेक्टर महोदय व अतिथियों ने फीता काटकर मेले का औपचारिक उद्घाटन किया। सुभाष उद्यान स्थित मुख्य द्वार एवं कंट्रोल रूम में गणेश पूजा एवं स्थापना कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्काउट-गाइड, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में शहर वासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।जिला कलेक्टर कमल राम मीना ने समस्त श्रद्धालुओं, आगंतुकों एवं नगरवासियों को श्री वीर तेजा मेला - 2025 की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। उन्होंने कहा कि यह मेला हमारी संस्कृति, परंपरा और आस्था का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने सभी से अपील की कि मेले का आनंद उल्लास, श्रद्धा और पूर्ण सुरक्षा के साथ लें तथा प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं में सहयोग करते हुए इस ऐतिहासिक मेले को गरिमा प्रदान करें।

'भाषा शास्त्र के उद्देश्य के बिना मीरा प्रेम की दीवानी हो गई'

- मयूरा सिटी में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव में तृतीय दिवस पुंडरीक गोस्वामी ने भाषा एवं शास्त्र मर्मज्ञता पर बल दिया

मदनगंज-किशनगढ़, (निस)। लोकप्रिय कथा वाचक पुंडीरीक गोस्वामी ने कहा मीरा बाई को शास्त्र का ज्ञान नहीं होते हुए भी पद लिख दिए, मीरा का उद्देश्य भाषा नहीं है, शास्त्र नहीं है फिर भी मीरा प्रेम दीवानी हो गई। बीएलजी फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में मयूरा सिटी में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव में तृतीय दिवस पुंडरीक गोस्वामी ने भाषा एवं शास्त्र मर्मज्ञता पर बल दिया। उन्होंने कहा व्यास पीठ व्यक्तिगत नहीं होती है, अपितु व्यास पीठ वैश्विक होती है। दो जन बैठकर हरि सुमिरन करें। सत्संग-सुमिरन शुद्ध आत्मा-परमात्मा से करें।

हमारे भारतीयों के घरों में भागवत गीता व होनी चाहिए। हम शास्त्रों को पढ़ेकर आत्मसात् करें। गोस्वामी ने कहा कि 18 हजार श्लोकों से बहुत ही पवित्र एवं सुन्दर श्रीमद्भागवत का प्राकट्यय हुआ। गोस्वामी ने शुकदेव के जीवन में बाल्यावस्था के कई वृतांत श्रवण कराएं। हरि कृपा से कभी कभी आपके घर में हरि शिशु जन्म लेता है। शुकदेव को कहा गया कि जब भी जंगल में घूमो तो भगवान् के भजन गाया करों।

जिसके हृदय में ाकुर जी का प्रेम होगा उसी के घर में ही प्रेम का आकर्षण होगा। चांद सा सलोना.लटे घुंघराली है. भौंहे है कटिरी आंखें. तिरछी कटारी है सहित राधारमण मेरो सुमधुर भजनो की प्रस्तुति पर पांडाल में धर्मानुरागी झूम उठे। कथा आयोजक गुप्ता परिवार के राजेन्द्र गुप्ता, धर्मेन्द्र गुप्ता, हर्ष, सौरभ आदि परिवारजन द्वारा राधारमण लाल की महाआरती कर भागवत प्रसाद वितरण किया।

प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने दिखाया दम

- विजेताओं और प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया

ब्यावर (निसं) । श्री वद्धर्मान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वद्धर्मान कन्या पी.जी. महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में खेल मंत्रालय भारत सरकार के फिट इंडिया मिशन के अंतर्गत खेल परम्पराओं को सम्मान देने तथा छात्राओं एवं स्वयं सेविकाओं में फिटनेस एवं शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने हेतु तीन दिवसीय विभिन्न रोचक खेल गतिविधियों का आयोजन 29 से 31 सितंबर तक किया गया । इस दौरान विजेताओं और प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया ।महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आर. सी. लोढा द्वारा बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य खेल भावना, फिटनेस और आपसी सौहार्द को बढ़ावा है। खेल जीवन को अनुशासित करने, सहयोग की भावना और टीम वर्क को मजबूत करने का माध्यम है।कार्यक्रम के समापन पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रीति शार्मा द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए फिट इंडिया मूवमेंट के तहत खिलाड़ियों को स्वास्थ्य एवं फिटनेस बनाये रखने की शपथ दिलवाई गई ।

अग्रवाल पंचायत गंज धड़ा समिति की कार्यसमिति बैठक संपन्न

- 22 सितंबर को श्री अग्रसेन जयन्ती पर निकाली जाने वाली शोभायात्रा का गांधी बाजार में छोटेलाल भिक्कीलाल शर्बत वालों के यहाँ स्वागत व आरती करने का निर्णय लिया गया
- बैठक संस्था अध्यक्ष कैलाशचन्द गोयल की अध्यक्षता में उनके प्लाजा सिनेमा के सामने स्थित प्रतिष्ठान पर आयोजित की गयी

अजमेर (कासं)। श्री अग्रवाल पंचायत गंज धडा समिति के पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों व विशेष आमन्त्रित सदस्यों की आवश्यक बैठक संस्था अध्यक्ष कैलाशचन्द गोयल की अध्यक्षता में उनके प्लाजा सिनेमा के सामने स्थित प्रतिष्ठान पर आयोजित की गयी।

श्री लक्ष्मीकांत भगवान के जयकारे के साथ प्रारंभ हुई बैठक में सह सचिव प्रवीण अग्रवाल ने कार्यकारिणी की गत बैठक का कार्यवाही विवरण का पठन किया जिसका सभी ने अनुमोदन किया।

अध्यक्ष कैलाशचंद गोयल ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों व सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक के एजेंडे की जानकारी दी।बैठक में एजेंडे पर विचार विमर्श कर 22 सितंबर को श्री अग्रसेन जयन्ती पर निकाली जाने वाली शोभायात्रा का गांधी बाजार में छोटेलाल भिक्कीलाल शर्बत वालों के यहाँ स्वागत व आरती करने का निर्णय लिया गया।

धड़े के श्री लक्ष्मीकांत भगवान मन्दिर गंज के पाटोत्सव कार्यक्रम के बारे में विचार विमर्श कर 24 सितंबर को सुंदरकांड पाठ व भजन कराकर प्रसाद वितरण करने का निर्णय लिया गया। कोषाध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल के सुझाव पर संस्था की वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल 6 माह बढ़ाने तथा कार्यकारिणी की आगामी बैठक में संस्था की आमसभा बुलाने व चुनाव की तारीख तय करने का निर्णय भी लिया।

अंजनी कुमार शर्मा बने जिलाध्यक्ष

- अंजनी कुमार शर्मा को सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए मनोनीत किया

सरवाड़ (निसं)। अखिल भारतवर्षीय गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा की बैठक राजाराम शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक के दौरान महासभा के जिलाध्यक्ष पद पर सरवाड़ निवासी अंजनी कुमार शर्मा को सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए मनोनीत किया गया इस मौके पर प्रांतीय अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा ने नवनियुक्त अध्यक्ष का माला व साफा बंधवाकर स्वागत किया और पद की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर बैठक में कन्हैया लाल, रमेश पंचोली, राजेश शर्मा, नवीन शर्मा, सत्यनारायण, ओम प्रकाश शर्मा व आशुतोष त्रिपाठी सहित अन्य मौजूद रहें।

श्राद्ध पक्ष 7 सितंबर से आरंभ होकर 21 सितंबर तक चलेगा

- पितरों की स्मृति और तर्पण के प्रतीक श्राद्ध पक्ष की शुरुआत इस वर्ष 7 सितंबर से होगी
- पुष्कर सरोवर में श्रद्धालु ब्राह्मणों के सान्निध्य में मार्जन, नारायण बलि और पिंडदान करेंगे

अजमेर (कासं)। श्राद्ध पक्ष के दौरान श्रद्धालु पितरों की आत्मा की शांति के लिए दान, पुण्य, हवन, तर्पण और पिंडदान जैसे धार्मिक कर्म करेंगे। पुष्कर सरोवर में हर वर्ष की भांति इस बार भी देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना है।

पंडित पवन आचार्य ने बताया कि श्राद्ध पक्ष 7 सितंबर से आरंभ होकर 21 सितंबर तक चलेगा। 7 सितंबर को पूर्णिमा का श्राद्ध होगा। इसके बाद 8 सितंबर को प्रतिप्रदा, 9 को द्वितीया, 10 को तृतीया और चतुर्थी, 11 को पंचमी, 12 को षष्ठी, 13 को सप्तमी (तिथि क्षय), 14 को अष्टमी, 15 को नवमी, 16 को दशमीं, 17 को एकादशी, 18 को द्वादशी, 19 को त्रयोदशी, 20 को चतुर्दशी और 21 सितंबर को अमावस्या का श्राद्ध किया जाएगा।

पितरों तक पहुंचे है धार्मिक कर्म और दान पुण्य: श्राद्ध पक्ष को पितृपक्ष भी कहा जाता है। मान्यता है कि इस दौरान किए गए धार्मिक कर्म और दान पुण्य सीधे पितरों तक पहुंचते हैं और वे प्रसन्न होकर अपने वंशजों को आशीर्वाद देते हैं। घर-घर में पितृ पूजा और तर्पण के धार्मिक कार्य होंगे। वहीं, पुष्कर सरोवर में श्रद्धालु ब्राह्मणों के सान्निध्य में मार्जन, नारायण बलि और पिंडदान करेंगे।

पुष्कर सरोवर का महत्व इस कारण भी है कि यहां पितरों को देवताओं में सम्मिलित करने का विधान माना गया है। यही वजह है कि श्राद्ध पक्ष के दौरान यहां भारी भीड़ उमड़ती है। स्थानीय प्रशासन ने भीड़ प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष तैयारी शुरू कर दी है।

तेजाजी की निकली ध्वजा यात्रा

अजमेर (कासं)। तेजा दशमी के मौके पर मंगलवार को चौहानों के बेरा से धाननाडी स्थित तेजाती की देवली तक ध्वजा यात्रा निकाली गई। चौहानों के बेरा निवासी मोंटी चौहान ने बताया कि हर्ष वर्ष की भांति इस साल भी तेजाजी की देवली धाननाडी मंदिर के लिए सोमवार को धूमधाम से ध्वजा (नेजा) यात्रा निकाली गई। सैकड़ों श्रद्धालु चौहानों के बेरे से ध्वजा को लेकर तेजाजी की देवली के लिए रवाना हुए। चौहानों के कुएं से शुरू हुई ध्वजा यात्रा का कई जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। तेजाजी के भजनों और जयकारों पर क्षेत्रवासी भक्तिभाव से नाचते-गाते चले। ध्वजा यात्रा में सैकड़ों क्षेत्रवासियों के साथ महिलाओं और बच्चे भी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। यात्रा के दौरान श्रद्धालु तेजाजी के जयकारे लगाते चले।ध्वजा यात्रा के बाद विशाल जागरण का आयोजन मंदिर पर किया गया जिसमें भजन कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। तेजाजी मंदिर पर मंगलवार को विशाल मेला भरा जाएगा।

सार-समाचार

श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव आयोजन

अजमेर (कासं)। कोटड़ा स्थित अपनाघर मूक बधिर दृष्टिहीन आवासीय विद्यालय में 9 दिवसीय श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव के तहत छठे दिन विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। संयोजक कमल गर्ग ने बताया कि अब तक कुर्सी दौड़, बोतल गेम, छड़ी चाल, शतरंज, लूडो आदि गेम खेले गए। जिसमें मूक बधिर एवं दृष्टिहीन छात्र छात्राओं की अलग अलग प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्राचार्य दिनेश शर्मा ने बताया कि अगले पांच दिनों में चित्रकला,जलेबी दौड़, चम्मच दौड़, मेंहदी लगाओ, गुब्बारा फोड़ों आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। लायंस क्लब पृथ्वीराज द्वारा आज के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि लायन राजेंद्र गांधी एवं महिला सशक्तिकरण की प्रांतीय सभापति लायन आभा गांधी ने आरती की। इस अवसर पर विद्यालय ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष रमेश मित्तल, सदस्य अनिल गर्ग, सीमा शर्मा अनिता चौधरी, रोहित कुमार, रेणु कुमारी, जगदीश रैगर, शिवचरण, राधा, नरेश, चंद्रप्रकाश शर्मा सहित शाला स्टाफ एवं अन्य उपस्थित थे।

1500 वा जश्न ईद मिलादुन्नबी

अजमेर (कासं)। मोहम्मद साहब के 1500 वे जन्म दिवस जश्न ईद मिलादुन्नबी जुलूस को लेकर सूफ़ी इंटरनेशनल के प्रतिनिधियों ने शहर के भाजपा, ओर कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों पदाधिकारियों को जुलूस में शामिल होने के लिए दावतनामें सौंपे। सूफी इटरनेशनल के सचिव नवाब हिदायत ने बताया कि जुलूस में सभी धर्म के लोगों को आमंत्रित किया जाता हैं उसी के तहत विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, नगर निगम की महापौर ब्रज लता हाडा, विधायक अनीता भदेल, शहर भाजपा ज़िला अध्यक्ष रमेश सोनी, उपमहापौर नीरज जैन, पूर्व आर टी डी सी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौर, महेंद्र सिंह रलावता, शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय जैन, पूर्व विधायक राजकुमार जयपाल, डॉ श्रीगोपाल बाहेती, पूर्व महापौर धर्मेंद्र गहलोत, कमल बाकोलिया, हेमंत भाटी, सुरेंद्र सिंह शेखावत, सहित श्री व्यापारी महसंघ मैं मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्षों को दावतना देकर जुलूस में शामिल होने का आग्रह किया गया।

द्वितीय झूलेलाल सामूहिक कन्यादान समारोह आयोजित

अजमेर। द्वितीय श्री झूलेलाल सामूहिक कन्यादान समारोह आयोजन स्वामी हिरदाराम साहिब की प्रेरणा से सांई बाबा मंदिर अजमेर, ताराचंद हुंदलदास खानचंदानी सेवा संस्था (श्री अमरापुर सेवा घर) सिंधी समाज महासमिति व सिन्धी लेडिज क्लब के संयुक्त तत्वावधान में 30 दिसम्बर 2025 को सांई बाबा मन्दिर गार्डन, अजय नगर, अजमेर में भामाशाहों के सहयोग से आयोजित होगा। पंडित संजय शर्मा ने बताया कि पिछली बार की तरह इस बार भी सिन्ध के विधि-विधान व रिति-रिवाज से पूजा-पाठ का पूरा कार्य कन्यादान समारोह में 16 आचार्यों व पंडितों द्वारा सम्पादित किया जाएगा। इस बैठक में कंवल प्रकाश किशनानी, सिन्ध सारस्वत ब्राह्मण मण्डल संस्थान, अजमेर के पं. कन्हैयालाल चेयरपर्सन, पं. कमल भारद्वाज मुख्य संरक्षक, पं. श्याम सुन्दर शर्मा संरक्षक, पं. विनोद श्रृंगी अध्यक्ष, पं. विशाल भारद्वाज मुख्य सचिव, पं.संजय शर्मा स्पीकर, पं. निखिल भारद्वाज सचिव, आदि मौजूद रहे।

चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

ब्यावर (निसं)। श्री वीर तेजा मेला - 2025 के तहत सुभाष उद्यान में रंगारंग चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में कुल 40 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का विषय - हमारी संस्कृति, हमारे मेले में कलाकारों ने अपनी रचनात्मकता के माध्यम से राजस्थान की लोक संस्कृति और तेजा मेले की झलक प्रस्तुत की।प्रतियोगिता की ड्राइंग्स का मूल्यांकन डॉ. दीपाली लाल, ललिता कुमावत दयानंद कॉलेज, ब्यावर तथा नरसिंहपुरा प्राचार्य सुमन बाला सैनी द्वारा किया गया।जिला प्रशासन ने इस वर्ष पहली बार तेजा मेले के अवसर पर कलाकारों को सम्मानित करने की परंपरा की शुरुआत की। इस अवसर पर कालूराम कुमावत को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 1100 नगद पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह, तथा अजय जाटोलिया को द्वितीय स्थान पर 500 नगद पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गएचित्रकला जैसी प्रतियोगिताएँ हमारी परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुँचाने और प्रतिभाशाली कलाकारों को प्रोत्साहित करने का सशक्त माध्यम हैं। प्रशासन का प्रयास है कि इस मेले के जरिए कला, संस्कृति और लोक परंपरा को और अधिक समृद्ध किया जाए।

बालाजी धाम का मेला 3 को

अजमेर(कासं) । श्री संकट मोचन बालाजी धाम ट्रस्ट परबतपुरा बाईपास ब्यावर रोड अर्जुनलाल सेठी कॉलोनी स्थित बालाजी धाम पर जलझूलनी एकादशी पर रेवाड़ी और मेले का आयोजन बुधवार 3 सितम्बर को दोपहर में 3:15 बजे से आयोजित किया जाएगा। मंदिर के पुजारी पंडित राजेन्द्र दादीच और अध्यक्ष ज्ञानचन्द मालू ने बताया कि श्री श्याम सखा मित्र मंडल, श्री आदर्श संकीर्तन मण्डल, श्री सर्वेश्वर संकीर्तन महिला मंडल, श्री श्याम गौ शाला एवं गौ रक्षा सेवा समिति संयुक्त तत्वावधान में जलझूलनी एकादशी पर बुधवार को ठाकुरजी की रेवाडी अर्जुनलाल सेठी कालोनी परिसर में निकाली जाएगी। इस अवसर पर मंदिर की मूर्तियो का श्रृंगार, महाआरती का आयोजन होगा।

विद्यार्थियों द्वारा नशा मुक्ति का लिया संकल्प

मसूदा(निसं) । सोमवार को 'शाला परिवार ने लिया सामूहिक संकल्प':देवनारायण राजकीय बालक आवासीय विद्यालय मसूदा के समस्त शाला परिवार ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि हमारा विद्यालय, हमारा तीर्थ,हमारी आत्मा है और राष्ट्र निर्माण करने का आधार है।

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

क्रमांक: न.नि.अ/भवन/25-26/251 आपत्ति सूचना दिनांक: 01.09.25

श्री दिलीप गुरनानी पुत्र श्री टीकम गुरनानी निवासी मकान संख्या ई- 379 शास्त्री नगर अजमेर द्वारा एक सम्पत्ति ए.एम.सी. नं. 567/16 जो वाके जवाहर नगर नया बाड़ा लोहागल रोड, अजमेर में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 216.31 वर्गमीटर है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाऐं निम्नानुसार हैं।

पूर्व : जायदाद ओमप्रकाश दुबे की पश्चिम : गली आम 21.6 फीट चौड़ी

उत्तर : रास्ता आम 50 फीट चौड़ा जवाहर नगर का दक्षिण : जायदाद राजकुमार की

अत: जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि किसी भी व्यक्ति / संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

प्ररूप-10- नियम 6 (7) देखिए

प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगर परिषद केकड़ी (अजमेर) - राजस्थान

क्रमांक नपके/कृ.भू.रू./2025-26/2274 -लोक सूचना- दिनांक-01/9/2025

मामला सं.-

श्री कैलाश चंद बामी पुत्र श्री कल्याण बामी निवासी केकड़ी जिला अजमेर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषि (अकृषि) प्रयोजन के उपयोग हेतु भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है-

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा नं.	क्षेत्रफल
अजमेर - केकड़ी	केकड़ी	खसरा नं. 10904/6192	रकबा 0.2550 हैक्टेयर में

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू- राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90 क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 10 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज को जारी की गयी। -प्राधिकारी अधिकारी का नाम और मुहर

कार्यालय ग्राम पंचायत गनाहेड़ा पंचायत समिति अजमेर ग्रामीण (अजमेर)

क्रमांक: ग्रा.पं.गनाहेड़ा/निविदा/2025-26/125 ई-निविदा सूचना संख्या 04/2025-26 दिनांक-30/08/2025

ग्राम पंचायत गनाहेड़ा में अटल ज्ञान केंद्र निर्माण कार्य गनाहेड़ा (राशि रूपये 08 लाख) हेतु ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया के तहत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निविदा दिनांक 01.09.2025 से 10.09.2025 तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in /&http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

NIB No- ZAJ2526A1080 UBN No- ZAJ2526WSOB01160

प्रशासक ग्राम पंचायत गनाहेड़ा पं.स. अजमेर ग्रामीण(अजमेर)

ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत गनाहेड़ा पं.स. अजमेर ग्रामीण(अजमेर)

गैरहाजिरी में खोले लिफाफे, मिलीभगत कर चहेती फर्मों को लाभ पहुंचाने का आरोप

अरांई (निसं)। उपखण्ड़ मुख्यालय स्थित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, समठा शिक्षा कार्यालय की ओर से भोजन व्यवस्था, किराए पर टेंट व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए निकाली गई निविदा में गड़बड़ी के आरोप सामने आए हैं। शिकायतकर्ता ने उपखण्ड़ अधिकारी को ज्ञापन देकर टेंडर में धांधली सहित गंभीर आरोप लगाए है। शिकायतकर्ता का कहना है कि उसने नियमानुसार फॉर्म जमा किया, लेकिन लिफाफे खोलने की तिथि की सूचना देने के बजाय उसे लगातार गुमराह किया गया। गैरहाजिरी में खोल दिये लिफाफे